# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०

## Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड / West Boring Canal Road, पटना / Patna - 800 001, दूरभाष / Phone :- 0612 -2558412,
ईमेल / E-mail : mdbuidco@gmail.com, website: http://buidco in

ISO 9001:2008,14001:2004


## कार्यालय आदेश

संख्या – बुडको/ 47, दिनांक 26/4/23

मॉनसून–2023 की अवधि में पटना शहर एवं आस–पास के नगरीय क्षेत्रों से त्वरित जल निकासी हेतु की जा रही तैयारियों के क्रम में बुडको के महत्वपूर्ण दायित्व निम्नलिखित है–

1. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर स्थापित मोटर/पंप/ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की मरम्मति तथा उनका टेस्ट रन कराकर मॉनसून के लिए बिल्कुल तैयार स्थिति में रखना।
2. सुचारू रूप से संचालन तथा तकनीकी खराबी होने की स्थिति में त्वरित गति से उनकी मरम्मति के लिए सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर ही आवश्यक औजार/मोबिल/ग्रीस/बैट्री/डीजल इत्यादि का पर्याप्त भंडारण करना एवं मरम्मति कराकर संचालन करना।
3. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर पर्याप्त पेय जलापूर्ति/रोशनी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना। महत्वपूर्ण पंपिंग स्टेशनों पर जेनरेटर के माध्यम से रोशनी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
4. विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में DG सेट एवं डीजल इंजन चालित पंप सेटों को तुरन्त संचालित किया जाना।
5. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों का लगातार पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के लिए विभिन्न स्तर के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति।
6. पंप/मोटर/ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की मरम्मति हेतु निजी वर्कशॉप/मरम्मतिकर्त्ता तथा डीजल की आपूर्ति हेतु पेट्रोल पम्प को चिन्हित कर सूचीबद्ध करना।
7. ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के सम्प की नियमित सफाई, ग्रेटिंग की नियमित सफाई तथा इनलेट एवं आउटलेट नाला के माध्यम से सुचारू रूप से जल प्रवाह को सुनश्चित करना।
8. पटना नगर निगम के नगर आयुक्त एवं कार्यपालक पदाधिकारियों तथा दानापुर, फुलवारी एवं खगौल के कार्यपालक पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इनलेट एवं आउटलेट चैनल में नियमित जल प्रवाह सुनिश्चित कराना, ग्रेटिंग के बाहर की नियमित सफाई कराना तथा चैनल एवं ग्रेटिंग से निकले कचड़े का समुचित निस्तारण कराना।
9. साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/पेसु के पदाधिकारी से निरंतर समन्वय रखना ताकि ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के लिए नियमित विद्युत प्रवाह में कोई अवरोध न हो तथा किसी प्रकार की कठिनाई होने पर उनसे संपर्क स्थापित कर अवरोध को दूर कराना।
10. समय–समय पर दिए गए अन्य निदेशों का अनुपालन कराना।

इस क्रम में सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों की गहन मरम्मति एवं संचालन का कार्य संवेदकों के माध्यम से कराया जा रहा है तथा उन्हीं संवेदको के द्वारा एकरारनामा के शर्त्तो के आलोक में संपूर्ण मानसून एवं आगामी वर्ष में ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन की आवश्यक मरम्मति, संचालन एवं संधारण का कार्य करना है। ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के संचालन हेतु एकरारनामा के शर्तो के आलोक में संवेदकों को सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर पालीवार निर्धारित संख्या में पम्प ऑपरेटर एवं स्वीपर रखना है। साथ ही संचालन एवं मरम्मति हेतु आवश्यक औजार/मोबिल/ग्रीस/बैट्री/ डीजल इत्यादि का पर्याप्त भंडारण भी करना है।

उक्त के अतिरिक्त स्थायी/अस्थायी ड्रेनेज पंम्पिग स्टेशनों में प्रतिनियुत सभी अभियता पूर्व के वर्षो के अनुभव को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करेगे कि उनके कार्य क्षेत्र में जल–जामव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

अगामी मॉनसून में बुडको के दायित्वों का सम्यक् निर्वहन करते हुये सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के सफल संचालन हेतु निम्नवत उप परियोजना निदेशक/सहायक अभियंता/सहायक उप परियोजना निदेशक/कनीय अभियंता की प्रतिनियुक्ति की जाती हैः–

| क्र. सं. | ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | सहायक अभियंता/कनीय अभियंता | मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|
| | | **अजिमाबाद अंचल** | |
| 1 | पहाड़ी नया/पहाड़ी पुराना, पहाड़ी एस0टी0पी0, पुराना एवं पहाड़ी एन.बी.सी.सी.एवं ट्रांसपोर्ट नगर | श्री शैलेन्द्र नारायण दूबे, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8544413126 |
| 2 | आर.एम.आर.आई | श्री संजय कुमार द्विवेदी, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8429325262 |
| 3 | एन.एम.सी.एच. | | |
| 4 | धनुकी मोड़ एवं संदलपुर | मो० बदीउज्जमान, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8287689317 |
| | | **कंकड़बाग अंचल** | |
| 1 | योगीपुर एवं योगीपुर एन.बी.सी.सी., अशोक नगर | श्री सत्य प्रकाश, सहायक अभियंता/उप परियोजना निदेशक | 9835883637 |
| 2 | बहादुरपुर टी.वी. टॉवर एवं बहादुरपुर हाउसिंग बोर्ड | श्री चन्द्रदीप कुमार, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8544413124 |
| | | **बांकीपुर अंचल** | |
| 1 | रामपुर, सैदपुर, सैदपुर एस0टी0पी0 पुराना, आर.के. एभेन्यू. | श्री विजय कुमार, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8544413125 |
| 2 | कदमकुऑ एवं पीरमुहानी | श्री बुद्धप्रिय नरेश, कनीय अभियंता, (असै0) | 8292774766 |
| 3 | कृष्णा घाट | श्री अभय कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8544413147 |
| | | **पाटलीपुत्रा अंचल** | |
| 1 | मंदीरी नया एवं मंदीरी पुराना | श्री रोहन शर्मा, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 6299823569 |
| 2 | राजापुर पुल नया एवं राजापुर पुल पुराना | श्री नित्यानंद प्रकाश, सहायक अभियंता, (असैनिक) | 9359564993 |
| 3 | कुर्जी एवं गोसाई टोला | श्री गौरव मिश्रा, सहायक अभियंता/ उप परियोजना निदेशक | 8630458159 |
| 4 | अंटा घाट | श्री महावीर प्रसाद, कनीय अभियंता | 9304162175 |
| 5 | एस.पी.वर्मा रोड एवं छज्जूबाग | श्री रौशन कुमार, कनीय अभियंता(असैनिक)–2 नगर विकास प्रमंडल, पाटलीपुत्रा | 9801576869 |
| | | **नूतन राजधानी अंचल** | |
| 1 | 400 सेट राजवंशी नगर, 80 सेट राजवंशी नगर एवं पुनाईचक | श्री रविन्द्र कुमार करवासरा, सहायक अभियंता (यांत्रिक) | 8059440777 |
| 2 | 800 सेट शास्त्रीनगर, सी.आई. डी. कॉलोनी, | श्री प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता | 7909032106 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | पी प्वाइंट, धोबीघाट, आई0पी0एस0, ईको पार्क एवं राजभवन | श्री प्रवीन्द्र कुमार, सहायक अभियंता | 8340525912 |
| 4 | गर्दनीबाग एवं मीठापुर | श्री अनिल कुमार, सहायक अभियंता (यांत्रिक) | 8210701527 |
| 5 | बोरिंग रोड, एस.के.पुरी एवं हाईकोर्ट | श्री कुमार अर्पित, सहायक अभियंता | 8167689480 |
| 6 | बाबु बाजार | श्री वरूण कुमार, सहायक अभियंता | 7678379494 |
| 7 | डॉ. जाकिर हुसैन संस्थान, एवं ऑफिसर्स फ्लैट | श्री रतन कुमार, सहायक अभियंता | 7004904696 |
| 8. | पुलिस लाईन एवं बेउर लिफ्टिंग आई0पी0एस0 | श्री राहुल कुमार, कनीय अभियंता | 9334774200 |

ये सभी प्रतिनियुक्त उप परियोजन निदेशक/सहायक अभियंता/सहायक परियोजना निदेशक/कनीय अभियंता संबद्ध ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के सुचारू रूप से संचालन हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगें। इस क्रम में संपूर्ण मानसून अवधि में प्रतिनियुक्त अभियंताओं का दायित्व होगा कि आदेश में वर्णित बिन्दुओं एवं समय-समय पर निर्गत अन्य निदेशों के आलोक में ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करेंगें। ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के संचालन के क्रम में किसी भी प्रकार के व्यवधान की सूचना/Feedback आवश्यकतानुसार अपने संबंधित सहायक अभियंता/उप परियोजना निदेशक (यांत्रिक), परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक), कार्य प्रमंडल, मलाही पकड़ी, महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज, बुडको, पटना एवं महाप्रबंधक(असैनिक) दक्षिण बिहार उपभाग तथा मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष को देंगें एवं उनसे समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करते हुये ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के संचालन से संबंधित सभी प्रकार के व्यवधानों को दूर कर त्वरित जल निकासी करायेंगे।

प्रतिनियुक्त अभियंता संपूर्ण मानसून अवधि में नियमित रूप से अपने से संबद्ध ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर ही कैंप करते हुए त्वरित जल निकासी का कार्य करायेंगे। चुंकि यह कार्य आपदा प्रबंधन से संबंधित है। अतः इस क्रम में किसी भी स्तर पर कार्य में शिथिलता/लापरवाही बरती जायेगी तो उत्तरदायित्व निर्धारित कर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हेतु अनुशंसित कर दिया जायेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, पटना

ज्ञापांक– 1949 दिनांक– 26/4/23

**प्रतिलिपि**– सभी प्रतिनियुक्त अभियंताओं को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक– 1949 दिनांक– 26/4/23

**प्रतिलिपि**– मुख्य महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति ड्रेनेज एवं सिवरेज, बुडको, पटना, महाप्रबंधक (असैनिक) दक्षिण बिहार उपभाग /सभी परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता/बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक– 1949 दिनांक– 26/4/23

**प्रतिलिपि**– नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक– 1949 दिनांक– 26/4/23

**प्रतिलिपि**– अपर मुख्य सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक